कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 26.03.2025

विषय:- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर ही चोरी के मुकदमे मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का बादाम का बोरा कुल बजन 30 कि0ग्रा0 (कीमत 24 हजार रुपये) बरामद किया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक-25.03.2025 को मुखबिर की सूचना पर मच्छोदरी कुड़ाघर के पास से थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 38/2025 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित **02 अभियुक्त** को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी का बादाम बजन कुल 30 कि0ग्रा0 (कीमत 24 हजार रुपये) बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का बादाम बजन कुल 30 कि0ग्रा0 (कीमत 24 हजार रुपये) बरामद होना।

विवरण पूछताछः- पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि साहब बादाम के बोरे को हम दोनो ने ओम ट्रान्सपोर्ट हरतीरथ के पास से चुरायी थी। जिसे आज बेचने के लिये लाया था कि आप लोगो के द्वारा पकड लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. विजय जायसवाल पुत्र सरवन जायसवाल निवासी – पड़ाव सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी उम्र 19 वर्ष।
2. दिलीप सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी ए 34/125 तेलियाना हनुमान फाटक थाना आदमपुर वाराणसी, उम्र 37 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद बादाम का बोरा वजन 30 किग्रा0 (कीमत 24 हजार रुपये)

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 25.03.2025 समय 21.50 बजे स्थानः- मच्छोदरी कूड़ाघर के पास थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 दीपक कुमार, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. का0 अखिलेश कुमार पटेल, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. का0 विकेश कुमार, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 गोविन्द सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।